ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, गुरूवार 21 नवम्बर 2024
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 1 अंक 258

गौतम अडाणी पर न्यूयॉर्क में धोखाधड़ी का आरोप:दावा- सोलर एनर्जी कॉन्ट्रैक्ट के लिए 2200 करोड़ की रिश्वत ऑफर की, नेटवर्थ 1.02 लाख करोड़ घटी



24 न्यूज अपडेट

न्यूयॉर्क/नई दिल्ली. अमेरिका में उद्योगपति गौतम अडाणी समेत 8 लोगों पर अरबों रुपए की धोखाधड़ी के आरोप लगे हैं। यूनाइटेड स्टेट्स अटॉर्नी ऑफिस का कहना है कि अडाणी ने भारत में सोलर एनर्जी से जुड़ा कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को 265 मिलियन डॉलर (करीब 2200 करोड़ रुपए) की रिश्वत दी या देने की योजना बना रहे थे।

यह पूरा मामला अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और एक अन्य फर्म से जुड़ा हुआ है। 24 अक्टूबर 2024 को न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट में यह केस दर्ज हुआ था। बुधवार को इसकी सुनवाई में गौतम अडाणी, उनके भतीजे सागर अडाणी, विनीत एस जैन, रंजीत गुप्ता, साइरिल कैबेनिस, सौरभ अग्रवाल, दीपक मल्होत्रा और रूपेश अग्रवाल को आरोपी बनाया गया है।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, गौतम अडाणी और सागर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया गया है। सागर अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के अधिकारी हैं।

अमेरिकी निवेशकों का पैसा, इसलिए वहां केस

अडाणी पर आरोप है कि रिश्वत के इन पैसों को जुटाने के लिए उन्होंने अमेरिकी निवेशकों और बैंकों से झूठ बोला। अमेरिका में मामला इसलिए दर्ज हुआ, क्योंकि प्रोजेक्ट में अमेरिका के इन्वेस्टर्स का पैसा लगा था और अमेरिकी कानून के तहत उस पैसे को रिश्वत के रूप में देना अपराध है।

अडाणी बोले- सभी आरोप आधारहीन, खंडन करते हैं

अडाणी ग्रुप ने सभी आरोपों को आधारहीन बताया है। एक बयान में ग्रुप ने कहा - 'अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के डायरेक्टर्स के खिलाफ यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस और यूनाइटेड स्टेट्स सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन की ओर से लगाए गए आरोप निराधार हैं। हम उनका खंडन करते हैं।

अडाणी ग्रीन एनर्जी ने बॉन्ड की पेशकश रोकी

अडाणी ग्रुप ने बुधवार को ही 20 इयर ग्रीन बॉन्ड की बिक्री से 600 मिलियन डॉलर (5064 करोड़ रुपए) जुटाने की घोषणा की थी। इसके कुछ घंटों बाद उन पर धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए।

अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा- यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस और यूनाइटेड स्टेट्स सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन ने हमारे बोर्ड मेंबर्स गौतम अडाणी और सागर अडाणी के खिलाफ न्यूयॉर्क डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में क्रिमिनल केस किया है और एक सिविल कम्प्लेन दर्ज की है।

अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट ने हमारे बोर्ड के सदस्य विनीत जैन को भी इस क्रिमिनल केस में शामिल किया है। इसके मद्देनजर, हमारी सहायक कंपनियों ने फिलहाल प्रस्तावित बॉन्ड पेशकशों को आगे न बढ़ाने का फैसला किया है। अब इस बॉन्ड की पेशकश को भी अडाणी ग्रुप ने टाल दिया है।

ऑस्ट्रेलिया में बच्चों के सोशल मीडिया बैन की तैयारी:संसद में बिल पेश, ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश; UK भी विचार कर रहा



24 न्यूज अपडेट

कैनबरा.ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन में जल्द 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर बैन लगाया जा सकता है। ऑस्ट्रेलियाई संसद में इसे लेकर एक विधेयक भी पेश किया गया है। बिल के मुताबिक, अगर एक्स, टिकटॉक, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म बच्चों को अकाउंट रखने से रोकने में नाकाम रहते हैं तो उन पर 32.5 मिलियन डॉलर तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

संचार मंत्री मिशेल रोलैंड ने ऑस्ट्रेलिया की संसद में दुनिया का पहला ऐसा बिल पेश किया। इस बिल के मुताबिक, सुरक्षा तय करने की जिम्मेदारी माता-पिता या बच्चों की जगह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की होगी। उन्होंने संसद को बताया, "बहुत से युवा ऑस्ट्रेलियाई लोगों के लिए सोशल मीडिया नुकसानदायक हो सकता है। 14 से 17 साल की उम्र के लगभग 66% ऑस्ट्रेलियाई लोगों ने ऑनलाइन बहुत हानिकारक कंटेट देखा है, जिसमें नशीली दवाओं का इस्तेमाल, आत्महत्या या खुद को नुकसान पहुंचाना शामिल है।"

पक्ष विपक्ष दोनों का बिल को समर्थन

इस विधेयक को लेबर पार्टी और विपक्षी लिबरल पार्टी का समर्थन हासिल है। इसमें माता-पिता की सहमति या पहले से मौजूद खातों के लिए कोई छूट नहीं दी जाएगी। कानून बनने के बाद, प्लेटफॉर्म के पास प्रतिबंध को लागू करने के तरीके पर काम करने के लिए एक साल का वक्त होगा।

गूगल को बेचना पड़ सकता है क्रोम ब्राउजर:अमेरिकी सरकार बना सकती है दबाव, कंपनी पर अपनी मोनोपॉली के गलत इस्तेमाल का आरोप



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली. गूगल को अपना इंटरनेट ब्राउजर गूगल क्रोम बेचना पड़ सकता है। दरअसल, यूएस डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस यानी DOJ की ओर से गूगल क्रोम इंटरनेट ब्राउजर को बेचने का दबाव बनाया जा सकता है। कोर्ट की तरफ से इस मामले में फैसला सुनाया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार गूगल सर्च पर गलत तरीके से मार्केट पर कब्जा करने के आरोप लगे हैं। US गवर्नमेंट गूगल क्रोम की मोनोपॉली को कम करना चाहती है। इसीलिए यह कदम उठाया जा सकता है।

क्या है मामला?

अगस्त में आए एक फैसले में अमेरिका के एक कोर्ट ने गूगल को एंटी-ट्रस्ट नियमों के उल्लंघन का दोषी माना था। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि गूगल ने सर्च और एडवर्टाइजमेंट मार्केट में अपने एकाधिकार का गलत फायदा उठाया। इससे यह साबित होता है कि कंपनी ने अपने एकाधिकार को बनाए रखने के लिए काम किया है। गूगल क्रोम सबसे लोकप्रिय ब्राउजर इस समय गूगल के पास एंड्रॉयड मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम के अलावा गूगल क्रोम ब्राउजर और AI जेमिनी जैसी सर्विसेज हैं। कंपनी अपने गूगल सर्च का एल्गोरिदम इस्तेमाल करके यूजर्स को टारगेटेड एडवर्टाइजमेंट दिखाती है। दुनियाभर में कुल इंटरनेट सर्च का 65% गूगल क्रोम ब्राउजर से होता है।

इसके बाद एपल सफारी का 21% मार्केट शेयर है। फायरफॉक्स समेत अन्य ब्राउजर की हिस्सेदारी काफी कम है। गूगल क्रोम की बढ़ती हिस्सेदारी की मुख्य वजह एंड्रॉयड ऑपरेटिंग सिस्टम है। दुनिया के ज्यादातर यूजर्स एंड्रॉयड ऑपरेटिंग सिस्टम वाले स्मार्टफोन इस्तेमाल करते हैं, जिसमें गूगल क्रोम डिफॉल्ट ब्राउजर के तौर पर रहता है।

देश की सीमाओं पर तैनात होंगे रोबोटिक डॉग:पहाड़ से लेकर पानी तक में काम करेंगे; 10 किमी दूर से ऑपरेट किए जा सकते हैं



24 न्यूज अपडेट

जैसलमेर. देश की सीमाओं पर जवानों के साथ अब रोबोटिक मल्टी-यूटिलिटी लेग्ड इक्विपमेंट (MULE) यानी रोबोटिक डॉग भी तैनात होंगे। ये रोबोटिक डॉग किसी भी ऊंचे पहाड़ से लेकर पानी की गहराई तक जाकर काम करने में सक्षम हैं। इन्हें 10 किमी दूर बैठकर भी ऑपरेट किया जा सकता है। एक घंटे चार्ज करने के बाद ये लगातार 10 घंटे तक काम कर सकते हैं। जैसलमेर के पोकरण फायरिंग रेंज में रोबोटिक डॉग ने भारतीय सेना की बैटल एक्स डिवीजन के साथ 14 से 21 नवंबर तक अभ्यास किया है। इसके अलावा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सहायता और परिवहन में सुधार के लिए लॉजिस्टिक्स ड्रोन का परीक्षण किया जा रहा है। हाल ही में भारतीय सेना ने बॉर्डर से लगे इलाकों में (विशेषकर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में) उपयोग के लिए 100 रोबोटिक डॉग को शामिल किया है। जैसलमेर के पोकरण फायरिंग रेंज में सेना ने रोबोटिक डॉग्स के साथ दुश्मन को खोजने और उसे खत्म करने के अभ्यास को पूरा किया। रोबोटिक डॉग्स सेंसर्स के माध्यम से काम करते हैं। इनमें एक रिमोट कंट्रोल यूनिट होती है, जिससे इनको मॉनिटर किया जाता है। ये रोबोटिक डॉग्स जरूरी सामान की सेना तक आपूर्ति करेंगे। इन रोबोटिक डॉग्स में हाई रिजॉल्यूशन वाले कैमरे और सेंसर लगे होते हैं, जो छुपे हुए दुश्मन को भी खोज निकालेंगे। रियल टाइम डाटा देंगे। इनके जरिए सेना दुश्मन की हरकतों पर नजर रखेगी।

चीन ने पहले ही अपने सैन्य अभियानों में रोबोट डॉग्स को शामिल कर लिया है। थर्मल कैमरों और रडार से लैस रोबोटिक डॉग्स थर्मल कैमरों और रडार से लैस हैं। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसकी डिजाइन है। यह बर्फ, रेगिस्तान, ऊबड़-खाबड़ जमीन, ऊंची सीढ़ियों यहां तक कि पहाड़ी इलाकों में हर बाधा को पार करने में सक्षम बनाता है। रोबोटिक डॉग जवानों को किसी भी नुकसान से बचाते हुए दुश्मन के ठिकानों पर गोलीबारी करने में भी सक्षम है। म्यूल डॉग 1 मीटर से 10 किमी की रेंज तक ऑपरेट किया जा सकता है। वाई-फाई या लॉन्ग टर्म इवोल्यूशन यानी एलटीई पर भी इस्तेमाल किया जा सकता है। छोटी दूरी के लिए, वाई-फाई का उपयोग किया जा सकता है, जबकि 4जी/एलटीई का उपयोग 10 किमी तक की दूरी के लिए किया जा सकता है। इसमें कैमरा लगा होता है जो 360 डिग्री तक घूम सकेगा।

शराब नीति केस- दिल्ली हाईकोर्ट का ED को नोटिस : केजरीवाल की याचिका पर ट्रायल कोर्ट के फैसले पर स्टे नहीं दिया



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली.शराब नीति केस में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर गुरुवार दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने ED को नोटिस जारी किया। इसमें जांच एजेंसी से उसका पक्ष रखने को कहा गया।

केजरीवाल ने बुधवार (20 नवंबर) को याचिका लगाकर ट्रायल कोर्ट के फैसले पर स्टे लगाने की मांग की थी। हालांकि हाईकोर्ट ने अभी स्टे पर फैसला नहीं दिया है।

केजरीवाल की दलील है कि निचली अदालत ने बिना किसी पूर्व मंजूरी के अपराध का संज्ञान लेने में गलती की है। ऐसे मामलों में CrPC की धारा 197 (1) के तहत राज्यपाल की पूर्व मंजूरी लेना आवश्यक होता है, क्योंकि उस वक्त वह (केजरीवाल) CM पद पर थे। केजरीवाल फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। उनके खिलाफ 2 जांच एजेंसी (ED और CBI) ने केस दर्ज किया है। केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने 13 सितंबर को CBI केस में जमानत दी थी। वहीं, ED मामले में उन्हें सुप्रीम कोर्ट से 12 जुलाई को जमानत मिल गई थी।

शराब नीति केस में ED ने उन्हें 21 मार्च को अरेस्ट किया था। बाद में 26 जून को CBI ने उन्हें जेल से हिरासत में लिया था।

शराब नीति केस- केजरीवाल 156 दिन जेल में बिता चुके

केजरीवाल को ED ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। 10 दिन की पूछताछ के बाद 1 अप्रैल को तिहाड़ जेल भेजा गया। 10 मई को 21 दिन के लिए लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए रिहा किया गया। ये रिहाई 51 दिन जेल में रहने के बाद मिली थी। 2 जून को केजरीवाल ने तिहाड़ जेल में सरेंडर कर दिया।

यूक्रेन बोला- रूस ने इंटरकॉन्टिनेंटल मिसाइल से हमला किया:ये परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम; यूक्रेन ने एक दिन पहले अमेरिका-ब्रिटेन की मिसाइलें दागी थीं



24 न्यूज अपडेट

कीव.यूक्रेन ने दावा किया है कि रूस ने उसके निप्रो शहर पर गुरुवार सुबह इंटरकॉन्टिनेंटल मिसाइल (ICBM) से हमला किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये हमले अस्त्राखान इलाके से किए गए। हालांकि रूस ने ICBM मिसाइल से हमले की पुष्टि नहीं की है। अस्त्राखान और निप्रो के बीच की दूरी 700 किमी है।

अमेरिकी न्यूज चैनल ABC न्यूज ने पश्चिमी देशों के अधिकारियों के हवाले से कहा है कि यूक्रेन हमले को बढ़ा-चढ़ाकर बता रहा है। ये हमला रूस ने किसी सामान्य क्रूज या बैलिस्टिक मिसाइल से किया है। इसके लिए ICBM का इस्तेमाल नहीं हुआ है। इससे पहले बुधवार को यूक्रेन ने ब्रिटेन की स्टॉर्म शैडो क्रूज मिसाइल और मंगलवार को अमेरिकी ATACMS मिसाइल से हमला किया था।

यूक्रेन की एयर फोर्स ने यह भी दावा किया कि ICBM के अलावा रूस ने 7 Kh-101 क्रूज मिसाइल से भी हमले किए। इनमें से 6 मिसाइलों को मार गिराया गया। रूस ने यूक्रेन पर किन्जल हाइपरसॉनिक मिसाइल भी दागीं। रूस ने पिछले महीने कहा था कि अगर NATO देशों के हथियारों का इस्तेमाल उसकी जमीन पर होता है तो इसे तीसरे विश्व युद्ध की शुरुआत समझा जाएगा।

संपादकीय : भरोसे की कूटनीति

सीमा विवाद को सुलझाने के लिए चल रही कवायद के जरिए भारत-चीन संबंधों ने नया आयाम हासिल किया है। दोनों देश लगभग पांच साल के अंतराल के बाद सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों की बैठक जल्द बुलाने वाले हैं। साथ ही, दोनों देशों में सीधी उड़ान बहाल करने और मानसरोवर तीर्थयात्रा दोबारा शुरू करने को लेकर सहमति बन रही है। सीमावर्ती क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी से शांति और सौहार्द बनाए रखने में मदद मिली है और अब भरोसा बहाल करने के आगे के कदम उठाए जा रहे हैं। सीमा विवाद के अलावा दोनों देशों के बीच जो मुद्दे अरसे से लंबित रहे हैं मसलन, सीमावर्ती नदियों के आंकड़े साझा करने समेत आपसी सहयोग बढ़ाने के तमाम विषयों पर बातचीत शुरू की गई है और प्रगति संतोषजनक है। असल में चीन और भारत के बीच तनावपूर्ण रिश्तों का असर रूस और दक्षिण एशिया के अन्य देशों पर भी पड़ रहा था। रूस- यूक्रेन संघर्ष लगातार बना हुआ है, उसमें रूस पर अमेरिकी प्रतिबंधों को देखते हुए भारत से उसके मजबूत रिश्ते अहमियत रखते हैं। चीन से भारत की तनातनी के कारण यह समीकरण कारगर नहीं हो पा रहा था। माना जा रहा है कि इसी वजह से रूस ने पहल की और भारत-चीन के रिश्तों में आई खटास दूर होनी शुरू हुई। अमेरिका इस तनाव का लाभ उठाने का प्रयास कर रहा था । जबसे चीन के साथ भारत के संबंध कुछ मधुर होने शुरू हुए हैं, अमेरिका की प्रतिक्रिया का भारत के कूटनीतिज्ञ विश्लेषण कर रहे हैं। रूस के साथ भारत की नजदीकी से वह खफा है। अभी अमेरिका ने 19 भारतीय कंपनियों पर यह कहते हुए प्रतिबंध लगाए हैं कि वे रूस को मदद पहुंचा रही थीं। हालांकि, भारत ने अपने रिश्तों में संतुलन बनाए रखा है। रूस के साथ अपने रिश्तों में किसी तरह की खटास नहीं आने दी है और अमेरिका से भी नजदीकी बनाए रखी है। भारत की आर्थिक हैसियत लगातार बढ़ रही है और वह वैश्विक दक्षिण देशों के लिए भी भरोसेमंद साझीदार बन रहा है । इस कारण कोई भी ताकत भारत को नजरअंदाज नहीं कर पा रही। चीन का बड़ा व्यापार भारत के साथ है, वह उसे किसी भी रूप में गंवाना पसंद नहीं करेगा। भारत और चीन के बीच चल रही मौजूदा कवायद से तमाम समस्याओं पर स्थायी समाधान की उम्मीद की जा सकती है। मानसरोवर तीर्थयात्रा शुरू होने का भारतीय श्रद्धालु अरसे से इंतजार कर रहे हैं। सीधी उड़ान सेवाओं से विद्यार्थियों और पेशेवरों को राहत मिलेगी। हालांकि, सवाल अभी भी है कि चीन अपने ताजा रुख पर कब तक कायम रह पाता है। जब तक वह अपनी विस्तारवादी नीतियों से तौबा नहीं करता, उसके किसी भी कदम पर बहुत भरोसा करना ठीक नहीं। यह समझना होगा कि भारत और चीन सिर्फ पड़ोसी ही नहीं हैं, वे दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश भी हैं। वे एक दूसरे के पूरक हो सकते हैं। दोनों पक्षों ने अतीत में दिखाया है कि मजबूत आर्थिक संबंधों और लोगों के बीच संपर्क में सीमा विवाद बाधा नहीं बनते । अतीत में व्यापार संबंध जबदस्त ऊंचाई पर रहे, लेकिन निवेश, यात्रा और वीजा सहित कई क्षेत्रों में संबंध टूट गए। उनकी बहाली की कवायद स्वागतयोग्य है। संबंधों में भरोसा बहाल हो और यह स्थायी हो, तभी बात बनेगी ।

सोने का मोल

शादी-ब्याह के मौसम में सोने-चांदी के दामों में तेजी देखने को मिल रही है। इस साल सोने के दाम जिस तेजी से बढ़े हैं, यह चिंता की बात है सोना हमेशा से भारतीय संस्कृति और अर्थव्यवस्था का महत्त्वपूर्ण हिस्सा रहा है। लोग इसे न सिर्फ गहनों के रूप में पहनते हैं, बल्कि निवेश के एक सुरक्षित विकल्प के रूप में भी देखते हैं। सोने की कीमतों का अर्थव्यवस्था पर असर साफ दिखता है। जैसे- जैसे कीमतें बढ़ती हैं, वैसे-वैसे महंगाई बढ़ने की रफ्तार भी तेज होती है। दरअसल, भारत सोने के मामले में पूरी तरह आयात पर निर्भर है। वैश्विक स्तर पर होने वाले भू- राजनैतिक बदलावों का सोने के दाम पर असर होता है। दुनियाभर के केंद्रीय बैंक अपने भंडार में सोने की मात्रा बढ़ा रहे हैं, जिससे मांग बढ़ रही है और कीमतें भी। बढ़ती महंगाई रोकने के लिए सोना जमा करना अच्छा उपाय माना जाता है। लेकिन साथ में कई अन्य उपाय भी करने होते हैं। पारंपरिक निवेश में सोने को सबसे बेहतर और सुरक्षित विकल्प के रूप में देखा जाता है। निवेशकों के मन में सुरक्षा भाव होता है। निवेश के लिहाज से सोने में तेजी का रुख एक निश्चित अंतराल पर बनता रहा है। इस लिहाज से निवेशकों को सोने में तेजी से लाभ कमाने का मौका मिल सकता है। लेकिन जो लोग सोने में निवेश नहीं करते और सिर्फ जरूरत भर के लिए खरीदते हैं, उनके लिए मुश्किल यह है कि महंगा सोना कहां से खरीदें। भारत में एक गरीब व्यक्ति की भी कोशिश होती है कि सोने का छोटा टुकड़ा ही सही, धारण करे भारतीय उपभोक्ताओं के लिए सोने का पारंपरिक और भावनात्मक मूल्य है। शादी-ब्याह के मौके पर सोना खरीदने के लिए भीड़ इसीलिए देखी जाती है। लेकिन इसकी कीमत जिस तरह से आसमान छू रही है उससे खरीद तो मुश्किल हो ही गई है, सोने में मिलावट और तस्करी भी बढ़ रही है। यह चिंता की बात है। मांग और कीमत बढ़ने से मिलावटी सोने का बाजार भी बढ़ रही है, जो अर्थव्यवस्था के लिए अहितकर है। ऐसे में सरकार और तमाम एजेंसियों को कई बिंदुओं पर विचार करने, उपभोक्ताओं के हित में सख्त कदम उठाने और कड़ी निगरानी की जरूरत है।

एमबी ब्लड बैंक में भूलकर भी ना करें रक्तदान, जरूरत पड़ने पर फेंक रहे हैं डोनर कार्ड, ना सीएम पोर्टल सुन रहा ना अस्पताल प्रशासन



रिपोर्ट : जयवंत भैरविया

24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। अगर आप उदयपुर के एमबी अस्पताल में रक्तदान करने के बारे में सोच रहे हैं तो जरा ठहर जाइये। कहीं आप कोई बहुत बड़ी भूल तो नहीं करने जा रहे हैं। पहले पूछ लीजिए कि डोनर कार्ड के बदले में रक्त जरूरत पर मिलेगा भी या नहीं। या फिर चक्कर पर चक्कर देने व घनचक्कर बनाने के बाद आपको इस बात के लिए प्रताड़ित तो नहीं किया जाएगा कि डोनर लेकर आइये, यहां कोर्ड नहीं चलते। कहीं डॉक्टर ब्लड बैंक में आपके हाथ से डोनर कार्ड लेकर तो नहीं फेंक देगा और आप हतप्रभ होकर रह जाएंगे। और अगर आपने परिवार के दो-चार सदस्यों के साथ रक्तदान कर दिया व अगले ही दिन जरूरत पड़ गई तो आपसे कह दिया जाएगा कि 'बार-बार डोनर कार्ड लेकर क्यों आ रहे हो'। आप रिक्वेस्ट पर रिक्वेट करते जाएं और वहां से आपको घोर निराशा हाथ लगें। बाद में पछतावा हो कि ब्लड डोनेट ही क्यों किया, नहीं करते तो आज कम से कम ये दिन ना देखना पड़ता। यही नहीं, इसके बाद आप यदि यह उम्मीद करें कि मुख्यमंत्री के पोर्टल 181 से आपको मदद मिल जाएगी तो भूल जाइये। वहां से केवल शिकायत का नंबर मिलता है। बार-बार फोन करने पर कहा जाएगा कि आपकी शिकायत संबंधित के पास भेज दी गई है। जबकि आपका मामला अर्जेंट है। दूसरी हैल्पलाइन से भी मदद नहीं मिले। अधिकारियों से फोन करने पर एक-दूसरे के नंबर देकर टरका दे ंतो आपकी हालत क्या होगी। यह सब हो रहा है एमबी अस्पताल के एक वार्ड में भर्ती महिला मरीज के परिजनों के साथ। हम खबर में उनका नाम इसलिए नहीं दे रहे हैं क्योंकि अस्पताल प्रशासन को पहले से पता है कि उन्होंनें मरीज के परिजनों को किस संकट और तनाव में डाल रखा है। इस महिला पेशेंट को चारा युनिट ब्लड की जरूरत थी। चार दिन पहले भर्ती महिला के परिजनों ने बताया कि जब डोनर कार्ड लेकर ब्लड बैंक गए तो बहुत ज्यादा आग्रह के बाद एक युनिट ब्लड दे दिया। उसके बाद अपने एक मित्र को डोनर के रूप में लेकर आए तो बहुत देर बिठाने के बाद कहा कि आपको तो फार्म ही नहीं मिल रहा है। फार्म ढूंढने में 1 घंटे की मशक्कत के बाद कहा कि पहले एक युनिट ब्लड की एंट्री होगी, उसके बाद ब्लड डोनेट कर सकते हैं। उन्हें वापस भेज दिया गयां। अगले दिन फिर परिजनों का ब्लड डोनेशन का कार्ड लेकर गए तो वहां मौजूद डाक्टर ने सख्त लहजे में बात करते हुए कार्ड ही टेबल पर साइड में फेंकते हुए कहा कि ''बार-बार कार्ड लेकर क्यों आ रहे हो, डोनर लाओ'। मरीज के परिजनों ने कहा कि कल हम डोनर लेकर आए थे लेकिन आपने ब्लड नहीं लिया। आज डोनर आउट आफ स्टेशन है। ऐसे में कार्ड से रक्त दीजिए। बहुत हाथाजोड़ी के बाद डाक्टरों ने दूसरा कार्ड लिया। अब तीसरी यूनिट ब्लड के लिए कल फिर ब्लड बैंक गए तो साफ मना कर दिया व कार्ड फेंक दिया। परिजनों का कहना है कि तुरंत डोनर लाना संभव नहीं हो पा रहा है। जो लोग अस्पताल में मौजूद हैं वे सभी ब्लड डोनेशन के क्राइटेरिया में नहीं आ रहे हैं। ऐसे में डोनर कार्ड की व्यवस्था की है। ब्लड बैंक बार-बार ना सिर्फ मना कर रहा है बल्कि डाक्टरों का बर्ताव भी अनुचित है। उन्होंने डॉक्टरों से पूछा कि ऐसा कौनसा नियम है कि डोनर कार्ड से ब्लड नहीं दिया जा सकता है तो वे नियम नहीं बता रहे हैं। इस बारे में जब सीमए पोर्टल पर शिकायत की गई तो उनको एक नंबर अलॉट कर दिया गया। समस्या का समाधान 24 घंटे बाद भी नहीं किया गया है। जबकि यहां त्वरित समाधान का दावा किया जाता है। यही नहीं सीमए पोर्टल से 104 पर बात करने को कहा गया। वहां पर फोन किया तो कहा गया कि ''आप उन्हीं से रिक्वेस्ट कीजिए' हम क्या कर सकते हैं। इसके बाद अधिकारियों से संपर्क किया तो उन्होंने दूसरे अधिकारी का नंबर दे दिया। अस्पताल अधीक्षक को फोन किया तो उठाया ही नहीं। कुल मिलाकर हालता बहुत ही विकट हैं व तुरंत विधायक व सांसद को इसका संज्ञान लेकर पूरे सिस्टम को ही दुरूस्त करना चाहिए। मरीज के परिजनो ंने कहा कि वे रक्तदान के प्रति बहुत जागरूक हैं तथा नियिमित समय अंतराल पर खुद भी रक्तदान करते आए है ंव लोगों को भी प्रेरित करते हैं। लेकिन कोरोना के बाद की बीमारियों की वजह से वे रक्तदान के क्राइटेरिया से बाहर हो गए हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर डोनर कार्ड से रक्त नहीं दे रहे हैं तो फिर रक्तदान शिविरों का ढोंग और अपीलें आखिर किसलिए करते हैं। अगर एक परिवार के 10 लोग रक्तदान करते हैं तो उनको 10 डोनर कार्ड मिलते हैं। अगर आपातकाल में सभी कार्ड की जरूरत पड़ती है तो अस्पताल प्रशासन कार्ड से ब्लड देने से मना कैसे कर सकता है।

सीईटी ग्रेजुएशन लेवल की आंसर-की जारी, 28 तक मांगी आपत्ति



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने समान पात्रता परीक्षा की आंसर-की (ग्रेजुएशन लेवल) जारी कर दी है। पात्रता परीक्षा में पूछे गए सवालों और जवाब को लेकर आपत्ति के लिए अभ्यर्थी 100 रुपए फीस देकर 28 नवंबर तक ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इसके बाद फाइनल आंसर-की जारी की जाएगी। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज ने बताया- 27-28 सितंबर को समान पात्रता परीक्षा (ब्म्ज्) ग्रेजुएशन लेवल 4 चरणों में आयोजित की गई थी। इन चार चरणों की औसत उपस्थिति 89.30 फीसदी रही थी। 13 लाख 4 हजार 144 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जबकि 11 लाख 64 हजार 554 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। सीईटी ग्रेजुएशन के स्कोर के आधार पर अभ्यर्थी भविष्य में होने वाली 11 भर्तियों में हिस्सा ले सकेंगे। 25 से 28 सितंबर के बीच प्रदेशभर में पात्रता परीक्षा का आयोजन किया गया था। मिनिमम 40 परसेंट लाना इसमें अनिवार्य है।

स्कूली छात्राओं से अभद्रता करने वाला दूसरे बच्चे का अभिभावक गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. बांसवाड़ा। कुशलगढ़ क्षेत्र में एक प्राइमरी स्कूल की मासूम बच्चियों के साथ एक अन्य विद्यार्थी का अभिभावक गंदी हरकतें कर रहा था। दो बच्चों के पिता ने पुलिस में रिपोर्ट दी तो पुलिस ने अभिभावक को गिरफ्तार कर लिया। बच्चियों पर यह अभिभावक गई दिनों से गलत नजर रख रहा था व गंदी हरकतें कर रहा था। जब बच्चियों ने अपने घर पर ही अभिभावकों से कहा कि वे स्कूल नहीं जाना चाहती तो उन्होंने कारण पूछा; इस पर बपता चला कि एक अभिभावक गंदी हरकतें कर रहा है। इस पर परिजनों ने खुद योजना बनाई और लगातर नजर रखी। इसके बाद खुद ही आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी दयानंद मार्ग, कुशलगढ़ निवासी संजय पुत्र मिठूलाल सेन के खिलाफ नाबालिगों के लैंगिंक उत्पीड़न और लज्जाभंग करने के आरोप में केस दर्ज किया व आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले उपखंड क्षेत्र के दो अभिभावकों ने पुलिस को रिपोर्ट दी व कहा कि बच्चियां प्री-प्राइमरी स्तर की कक्षाओं में हैं। दोपहर में छुट्टी के बाद वे स्कूल में ही खेलती हैं क्योंकि दूसरे बच्चों को वेन अंकल एक साथ लेकर आते है जिनकी छुट्टी बाद में होती है। एक ही निजी वेन से घर लौटने वाले छोटे बच्चों को स्कूल पार्किंग परिसर में खेलने की सुविधा देता है। इसी बीच, आरोपी अपने भतीजे को लेने आता है। इस बहाने वाले जल्दी आकर चॉकलेट-टॉफी का प्रलोभन देने लगा। फिर मोबाइल पर वीडियो दिखा कर बेहूदा हरकत करने लग जाता है। बच्चोंने घर आकर बात बताई तो होंश उड गए। परिजनों ने तीन दिन तक छुट्टी के बाद निगरानी रखी। फिर जब वह बच्चे को लेने आया व हकरतें करने लगा तो उसे स्कूल संचालक के पास ले गए। उनके सामने पूछताछ की तो आरोपी ने कबूल किया कि उसने गंदी हरकतें की है।। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को डिटेन किया।

तालाब में से 5 दिन बाद निकाला युवक का शवःदिन-रात जुटी थी एसडीआरएफ टीमें, तालाब में जलकुंभी-कचरा होने से हो रही थी दिक्कत



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. उदयपुर में 5 दिन पहले तालाब में डूबे युवक का शव एसडीआरएफ की टीम द्वारा काफी मशक्कत के बाद गुरुवार को बाहर निकाल लिया गया। जिसे सायरा थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया। युवक के डूबने के बाद से एसडीआरएफ की टीमें लगातार सुबह से रात तक रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी थी। इस दौरान तालाब में भारी मात्रा में सिंघाड़े, जलकुंभी और कचरा होने से शव को ढूंढ पाने में दिक्कत हो रही थी। ऐसे में एक दिन पहले तालाब के पानी को खाली कराया गया। इसके लिए बुलडोजर से तालाब की पाल तोड़ी गई। इसके बाद तालाब से पानी दूसरी ओर छोड़ा गया। तालाब में से पानी कम होने के बाद टीम को शव तलाशने में सफलता मिली।

पुलिस को देखकर तालाब में कूदा था

सायरा थाना क्षेत्र के पुनावली गांव मेड़ी का मथारा निवासी खुम सिंह रविवार दोपहर तालाब में कूद गया था। पहले ग्रामीणों ने युवक को ढूंढने का प्रयास किया था। बाद में एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। थानाधिकारी प्रवीण सिंह ने बताया- ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि खुम सिंह नाम का युवक तलवार लेकर लोगों को डरा रहा था। राह चलती एक बकरी और व्यक्ति पर तलवार से हमला करने का प्रयास किया था। इस पर पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। तब तक आरोपी युवक वहां से गायब हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस टीम ने उसे ढूंढ़ने का प्रयास किया तो वह तालाब की ओर भागता हुआ दिखा। ग्रामीण और पुलिस ने उसे रुकने के लिए कहा लेकिन युवक अचानक तालाब में कूद गया। युवक कुछ दिनों से मानसिक तौर पर परेशान था।

मंगलमयी शोभायात्रा के साथ ही पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ प्रारम्भ



24 न्यूज अपडेट

ओम जैन शंभूपुरा।आचार्य श्री आदिसागर जी (अंकलीकर) परंपरा के चतुर्थ पट्टाचार्य आचार्य श्री सन्मति सागर जी मुनिराज के लघुनंदन, प्राकृत ज्ञान केसरी, प्राकृत मार्तण्ड राष्ट्र संत आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज की मंगल प्रेरणा से एवं सकल दिगम्बर जैन समाज व पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के तत्वाधान में नव निर्मित श्री आदिनाथ जिनालय का भव्यतम श्रीमद् आदिनाथ जिनबिम्ब पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ बुधवार सुबह आचार्य श्री विद्यासागर मांगलिक धाम से प्रारम्भ शोभायात्रा के साथ प्रारम्भ हो गया है। यह समारोह 20 से 25 नवम्बर तक कैलाशपुरी मधुवन स्थित अयोध्या नगरी में आयोजित किया जा रहा है। मंगल विधान प्रतिष्ठाचार्य महावीर जैन गींगला के कर कमलों द्वारा सम्पन्न कराये जायेंगे। पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजन के तहत आचार्य श्री सुनील सागर जी मुनिराज ससंघ 19 नवम्बर को दुर्ग स्थित सात बीस देवरी मंदिर पधारे तथा वहाँ से बुधवार सुबह मांगलिक धाम पधारे। आचार्य श्री के पधारने के साथ ही मांगलिक धाम से शोभायात्रा प्रारम्भ हुई। शोभायात्रा जैन मांगलिक धाम से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होती हुई प्रतिष्ठा स्थल कैलाशपुरी मधुवन (अयोध्या नगरी) पहुंची। जहां ध्वजारोहण, गर्भ कल्याण (पूर्वार्द्ध) के तहत महाध्वज स्थापना, प्रतिष्ठा पाण्डाल का उद्घाटन, जिनेन्द्र अभिषेक, प्रतिष्ठा मंगल कलश, याग मण्डल कलश, जाप्य कलश स्थापना, अखण्ड दीप स्थापना, पाद प्रक्षालन, आचार्य श्री के मंगल प्रवचन एवं आशीर्वाद आदि के साथ छह दिवसीय मांगलिक आयोजन होंगे। शोभायात्रा में अहिंसा रथ के साथ ही पन्द्रह बग्गियां, दो हाथी, पांच ऊँट गाड़ी सहित तीन बैण्ड आकर्षण के केन्द्र रहे। धर्मावलम्बी पारम्परिक वेशभूषा मे शोभायात्रा मे शामिल रहे। यह महोत्सव गहन आस्था और संस्कृति का प्रतीक है। वहीं पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत आयोजित अनुष्ठानों ने भक्तों को आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा प्रदान की। छह दिवसीय यह आयोजन समूचे क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक और भव्य धार्मिक अवसर है। श्रीमद् आदिनाथ जिन बिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का शुभारंभ. सांसद सीपी जोशी सहित गणमान्य जन व बड़ी संख्या में धर्मावलंबी शामिल।

23 नवम्बर को मतगणना को लेकर जिले में निषेधाज्ञा जारी

24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर, 21 नवम्बर। विधानसभा उप चुनाव-2024 के तहत मतगणना 23 नवम्बर को होने जा रही है। मतगणना के दौरान एवं मतगणना के पश्चात् डूंगरपुर जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना नितान्त आवश्यक है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर श्री अंकित कुमार सिंह ने बताया कि मतगणना दिवस को एवं उसके बाद किसी प्रकार अविधिक रूप से एकत्र नहीं होंगे तथा आदेश की अवधि तक किसी भी प्रकार की आम सभा नहीं करेंगे। असाधारण परिस्थिति में संबंधित उपखण्ड के उपखण्ड मजिस्ट्रेट को इस आदेश में छूट प्राप्त करने के लिए अनुमति प्राप्त की जाए। जिले में 23 नवम्बर को मतगणना के दौरान व मतगणना के पश्चात् किसी भी व्यक्ति, राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों, उनके कार्यकर्ताओं, समर्थक एवं सहयोगियों द्वारा समस्त प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों, लाउडस्पीकर, डीजे एवं पटाखों, आतिशबाजी का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिले में 23 नवम्बर को मतगणना के दौरान व मतगणना के पश्चात् किसी भी व्यक्ति, राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों, उनके कार्यकर्ताओं, समर्थक एवं सहयोगियों द्वारा किसी भी प्रकार का विजय जुलूस, समारोह, सभा आदि का आयोजन भी प्रतिबंधित होगा। यह आदेश 22 नवम्बर को तत्काल लागू होकर 23 नवम्बर को रात्रि 10 बजे तक प्रभावी रहेगा। निषेधाज्ञा की अवहेलना या उल्लंघन किए जाने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के प्रावधानों के अन्तर्गत अभियोग चलाए जा सकेंगे।

राजस्थान सरकार ला रही है खुद का 24 घंटे का यूट्यूब चैनल, 10 करोड़ का टेंडर निकला

सरकार का 'सोशल मीडिया'



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, जयपुर। अब राजस्थान सरकार ने अपने प्रचार का जिम्मा खुद ओढ़ते हुए प्रचार तंत्र की दुनिया में कूदने का फैसला कर लिया हैं राजस्थान सरकार के कामकाज और योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए और मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों के लिए अब सरकारी यूट्यूब चैनल चलाया जाएगा जो 24 घंटे चलेगा। एजेंसी को इसके लिए अपना वर्कफोर्स लगाना होगा और उसमे अलग-अलग लेवल के प्रोफेशनल भी तैयार करने होंगे। सूचना और जनसंपर्क विभाग का यह राज्य स्तरीय यूट्यूब चैनल होगा जिस पर 24 कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाएगा। डीआईपीआर के यूट्यूब चैनल और सोशल मीडिया प्लेटफार्म को मेंटेन करने के लिए 10 करोड़ का टेंडर निकला है। 27 नवंबर तक बिड ऑनलाइन मांगी है। इसमें यूट्यूब चैनल और सोशल मीडिया हैंडल मेंटेन करने का काम दिया हैं हर 3 महीने में यूट्यूब चैनल के सब्सक्राइबर, एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम हैंडल पर कम से कम 5 प्रतिशत फॉलोअर नहीं बढे तो जुर्माना होगा। एजेंसी को 204 हैंडल मैनेज करने होंगे। डीआईपीआर के राज्य स्तरीय यूट्यूब चैनल, फेसबुक पेज, एक्स हैंडल और इंस्टाग्राम हैंडल के साथ डीआईपीआर के जिला लेवल के 50 यूट्यूब चैनल, 50 फेसबुक अकाउंट, 50 एक्स हैंडल और 50 इंस्टाग्राम अकाउंट मैनेज और मेंटेन करने होंगे। रीच, सब्सक्राइबर और फॉलोअर बढ़ाने का भी टास्क रहेगा। डीआईपीआर का राज्य स्तरीय और जिलों के यूट्यूब चैनल पहले से है लेकिन अब इन्हें 24 घंटे मोड में अपडेट करने की योजना है। टेंडर की शर्तों के मुताबिक यूट्यूब चैनल के लिए कंटेंट जुटाने के साथ-साथ उसे चलाने, मैनेज करने और यूट्यूब चैनल की रीच बढ़ाने के लिए पूरा कंटेंट शेयर करने की जिम्मेदारी एजेंसी की होगी। यूट्यूब चैनल के कंटेंट को फेसबुक इंस्टाग्राम और एक्स अकाउंट पर भी शेयर किया जाएगा। डीआईपीआर के यूट्यूब चैनल और सोशल मीडिया पर वीडियो कंटेट बनाने के लिए सभी 200 विधानसभा सीटों पर एक-एक प्रतिनिधि लगाया जाएगा। यह प्रतिनिधि सरकार के कार्यक्रमों की कवरेज के वीडियो कंटेंट बनाएगा। इसके अलावा संभाग लेवल पर भी सोशल मीडिया संभालने के लिए टीम लगेगी। राज्य स्तर पर टेंडर लेने वाली एजेंसी को कंटेट के एक्सपर्ट और प्रोफेशनल की टीम लगानी होगी। डीपीआर के यूट्यूब चैनल पर मुख्यमंत्री के सभी प्रोग्राम की लाइव स्ट्रीमिंग दिखाने और सोशल मीडिया पर उन्हें तुरंत शेयर किया जाएगा। टेंडर में इसकी शर्त तय की है।

कृषि अधिकारी भर्ती-2024 के पदों में बढ़ोत्तरी ऑनलाइन आवेदन रीओपन, 29 नवंबर से करें अप्लाई; 13 दिसंबर अंतिम तारीख



24 न्यूज अपडेट

अजमेर. राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा कृषि अधिकारी (कृषि विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 के पदों में बढ़ोत्तरी की गई है और इसके लिए ऑनलाइन आवेदन पुनः आमंत्रित किए गए हैं। अभ्यर्थी इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 29 नवंबर से 13 दिसंबर 2024 की रात्रि 12 बजे तक कर सकेंगे। इसके पश्चात लिंक निष्क्रिय हो जाएगा।

आयोग सचिव राम निवास मेहता ने बताया - 28 फरवरी 2024 द्वारा कृषि विभाग के लिए कृषि अधिकारी के कुल 25 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए थे। विभाग द्वारा पदों की संख्या में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि किए जाने के फलस्वरूप उक्त पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन-पत्र पुनः आमंत्रित किए है।

संशोधित वर्गवार वर्गीकरण एवं अन्य सूचना के संबंध में अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर जारी शुद्धि-पत्र संख्या 15/2024-25 का अवलोकन कर सकते हैं।

शिल्पा शेट्टी को हाईकोर्ट से राहत, इंटरव्यू में बोले भंगी शब्द को नहीं माना जाति सूचक



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जोधपुर। फ़िल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी को आज जोधपुर हाइकोर्ट से राहत मिली है। शिल्पा के खिलाफ एसटी एससी एकट में जो एफआईआर हुई थी उसको हाईकोर्ट ने आज निरस्त कर दिया। शिल्पा शेट्टी पर चुरु के कोतवाली थाने में मामला दर्ज हुआ था। हाईकोर्ट जस्टिस अरुण मोगा के कोर्ट में सुनवाई करते हुए आदेश जारी किया कि बिना सैंक्शन और इंक्वायरी के एसटी एससी एक्ट में एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकती है। 'भंगी' शब्द जाति नहीं है और न ही जाति सूचक शब्द है बल्कि स्लर है जो कि किसी को नीचा दिखाने के लिए नहीं बल्कि स्वयं को संबोधित करते हुए कहा गया था। आपको बता दें कि 22 दिसंबर 2017 को चुरु के कोतवाली थाने में एससीएसटी एक्ट में शिल्पा शेट्टी के खिलाफ मामला दर्ज हुआ। वाल्मिकी समाज के अशोक पंवार ने पुलिस के बताया कि टीवी पर उसने एक इंटरव्यू शो देखा जिसमें शिल्पा शेट्टी और सलमान खान की बातचीत के दौरान उन्होंने ' भंगी' शब्द का इस्तेमाल किया। इससे वाल्मिकी समाज के लोगो की भावनाएं आहत हुई। इस पर 18 जनवरी 2018 को जांच अधिकारी ने नोटिस जारी किया। टीवी शो 2013 में टेलिकास्ट का था और एफआईआर 2017 में दर्ज की गई। शिल्पा के वकील ने दलील दी की इस एफआईआर में कोई सबूत नहीं है जिससे किसी समाज की भावना को ठेस पहुंची हो और न ही कोई दुर्भावनापूर्ण इरादा है। और जैसा आरोप लगया है वैसा कोई अपराधिक इरादा नहीं नजर आता। भंगी शब्द की उतपत्ति की जानकारी कोर्ट में दी और काह कि भंगी शब्द उत्पत्ति संस्कृत में भंगा से हुई है। जिसका अर्थ अछूत जाति से संबंधित होने के अलावा टूटा हुआ व खंडित भी होता है और ऑक्सफोर्ड हिंदी टू इंग्लिश डिक्शनरी के अनुसार भंगी भांग पीने वालों को भी कहा जाता है।

सफाई कर्मचारी भर्ती की तारीख आगे बढ़ाई, अब 27 नवंबर तक कर सकेंगे आवेदन

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान सरकार ने 23 हजार 820 पदों पर निकली सफाई कर्मचारी भर्ती की तारीख को दूसरी बार आगे बढ़ा दिया है। इसकी लगातार मांग हो रही थी। अब बेरोजगार 27 नवंबर तक भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आवेदन कर सकेंगे। इससे पहले 6 नवंबर को आवेदन की अंतिम तारीख निर्धारित की गई थी। इसको बढ़ाकर 20 नवंबर किया गया था। वहीं अब एक बार फिर आवेदन की प्रक्रिया को 7 दिन आगे बढ़ाया गया है। आवेदन के लिए अभ्यर्थियों को सफाई अनुभव सर्टिफिकेट अनिवार्य है। लेकिन अनुभव प्रमाण पत्र बनाना जटिल प्रक्रिया है। जिसकी वजह से अब तक सैकड़ों बेरोजगारों के अनुभव प्रमाण पत्र नहीं बन पाए हैं। इसमें भारी भ्रष्टाचार की भी शिकायतें हो रही थी। उदयपुर के डिप्टी मेयर पारस सिंघवी ने खुद सीएम भजनलाल को पत्र लिख कर कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन बात ठंडे बस्ते में दफन हो गई। उन लोगों के नाम सामने ही नहीं आए जो मोटी रकम ऐंठकर एक्सपीरियंस सर्ट्रिफिकेट बांट रहे हैं। ना ही स्थानीय निकाय की इसमें दिलचस्पी दिखती है कि पर्दाफाश करे। कुल मिलाकर मामला अंदर ही अंदर सेटल हो गया दिखाई दे रहा है। आपको बता दें कि राजस्थान में सफाई कर्मचारियों की होने वाली भर्ती में में प्राइवेट कंपनियों की ओर से जारी प्रमाण-पत्र मान्य नहीं होंगे। नगर निगम, नगर पालिका और नगर परिषद में सड़क की सफाई और सार्वजनिक सीवर की सफाई का काम करने वाली कंपनी और ठेकेदारों से जारी प्रमाण-पत्र ही मान्य होंगे। इनकी ओर से जारी प्रमाण-पत्र को नगर पालिका में अधिकारी और निगम आयुक्त या आयुक्त की ओर से नामित अधिकारी वेरिफाई करेंगे।

सर्जरी में संगीत का संगम...मरीज गाता रहा तू 16 बरस गाना

24 न्यूज अपडेट

छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के निजी नर्सिंग होम में हर्निया के ऑपरेशन के दौरान एक बुजुर्ग मरीज गंगा राम यादव (75) गाना गाते दिखे। डॉक्टर्स सर्जरी कर रहे थे, तभी गंगा राम अपने प्यार को याद कर गाने लग जाते हैं। वह कहते हैं कि मैं 17 बरस का तू...16 बरस की...एक दो बरस जरा दूर रहना'। ऑपरेशन थिएटर में गंगा राम यादव के गाने को सुनकर सर्जरी कर रहे सर्जन भी मुस्कुराते हुए नजर आए। सर्जनों ने भी बुजुर्ग व्यक्ति का हौसला बढ़ाया। सफल ऑपरेशन के बाद गंगा राम यादव को ICU में रखा गया है।

ब्रेनवॉश करने के लिए आरोपी ने बच्चियों से 3 हजार बार की थी बात, कुरान की आयतें कॉपी में लिखवाईं

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। गोगुंदा में 10 दिन पहले दो नाबालिग चचेरी बहनों के सुसाइड मामले के तार धर्मांतरण और ब्रेनवॉश से जुडते नजर आ रहे हैं। बच्चियों के स्कूल बैग में कॉपी में उूर्द में लिखी हुई आयतें मिली हैं। परिजनों ने दोनों लड़कियों के मोबाइल और उनकी कॉपी-किताब पुलिस के सुपुर्द की हैं।यह चौंकाने वाला खुलासा होने पर पुलिस भी हतप्रभ है। आरोपी ने लड़कियों का ब्रेनवॉश कर आत्महत्या के लिए मजबूर कर दिया। दोनों बच्चियां 11वीं क्लास में पढ़ती थीं। हिंदी और उर्दू के वाक्य इनकी कॉपी से मिले हैं। इससे पता चल रहा है कि दोनों यह भाषा सीख रही थी। सोशल मीडिया पर इन्होंने अपना नाम बदलकर मुस्कान और अनीसा रख लिया था। अब सवाल यह उठ रहा है कि यदि स्कूल की कॉपियों में उर्दू लिखी थी तो टीचर क्या कर रहे



थे। क्या कभी कॉपी चेक नहीं की गई। पुलिस अब इन तथ्यों के आधार पर जांच कर रही है। एक और बडा खुलासा हुआ है कि लड़कियों और आरोपी के बीच 3 हजार बार कॉल पर बात हुई। यह तथ्य कॉल डिटेल रिकॉर्ड से पता चल रहा है। लड़कियों और आरोपी के बीच करीब 3 हजार बार बात हुई। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि लड़कियों का हद तक ब्रेनवॉश किया गया। जसवंतगढ़ ग्राम पंचायत के गहलोतों का गुड़ा गांव में 10 नवंबर की शाम को 16 और 17 साल की दो चचेरी बहनों के शव घर से 500 मीटर दूर खेत में मिले थे। दोनों ने एक जैसे कपउे पहन रखे थे व जहर खा लिया था। इसके बाद से यह मामला रहस्य के घरे में था। परिजनों ने कहा कि दोनों दो महीने से परेशान थी। पुलिस ने दो दिन पहले हापुड़ (उत्तर प्रदेश) से आरोपी हाफिजपुर निवासी शहवाज (19) पुत्र तहसीन को गिरफ्तार किया है व टीमउसको उत्तर प्रदेश से गोगुंदा लेकर आई। आरोपी ने दोनों बहनों से इंस्टाग्राम पर दोस्ती गांठ ली व उसके बाद ब्रेनवॉश का काम शुरू कर दिया। कभी खुद का मोबाइल खराब होने तो कभी अन्य कारण से ऑनलाइन रुपए ऐंठ रहा था। अब तक 12 हजार रुपए ऐंठ चुका था। बार बार दबाव बनाने से बहनें परेशान हो गईं व मौत को गले लगा लिया। इस मामले में अब भी रहस्य की कई परतें खुलनी बाकी है कि क्या कोई अन्य भी इसमें शामिल था। क्या कोई स्थानीय भी इसमें शामिल था। क्या कोई अन्य बच्चे भी इसके शिकार हुए।

पूर्व सीएम वसुंधरा राजे पहुंचीं समोरबाग, महेंद्र सिंह मेवाड़ को पुष्पांजलि अर्पित की



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे गुरुवार को उदयपुर में समोरबाग पैलेस पहुंची तथा राजपरिवार के सदस्य और पूर्व सांसद महेंद्र सिंह मेवाड़ को पुष्पांजलि अर्पित की। मेवाड़ के पुत्र नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, बहू राजसमंद सांसद महिमा कुमारी और परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। राजे के साथ साथ पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शांतिलाल चपलोत, वल्लभनगर के पूर्व विधायक रणधीर सिंह भींडर भी थे। उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, भाजपा शहर अध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली, पूर्व देहात अध्यक्ष भंवर सिंह पंवार और कन्हैयालाल मीणा राजे से मिले। राजे ने डबोक के पास रिसोर्ट में स्थानीय भाजपा नेताओं से भी मुलाकात की। भाजपा नेता मांगीलाल जोशी से करीब 15 मिनट तक अकेले में बातचीत की।

कंटेनर खोला तो दिखे प्लास्टिक के गमले, जांच की तो निकली 2.80 लाख की महंगी शराब



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. डूंगरपुर। बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने रतनपुर बॉर्डर पर एक कंटेनर से 2 लाख 80 हजार की महंगी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। रतनपुर बॉर्डर पर पुलिस की ओर से कंटेनर को रूकवाया गया व चेक किया तो यह जखीरा मिला। ड्राइवर सहित 2 तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया गया कि आरोपी प्लास्टिक के गमलों की आड़ में हरियाणा से शराब तस्करी कर गुजरात ले जा रहे थे। थानाधिकारी कैलाश सोनी ने बताया कि रतनपुर बॉर्डर पर नाकेबंदी की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर के जरिये शराब तस्करी की सूचना मिली। उदयपुर की ओर से आ रहे कंटेनर को रुकवाया गया। ड्राइवर से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम दिल्ली निवासी नागिंदर राय और उसके साथ ने अपना नाम हरियाणा निवासी मुकेश सिंह बताया है। सामान के बारे में जानकारी ली तो प्लास्टिक के गमले होना बताया। पुलिस ने कंटेनर की तलाशी ली तो कंटेनर में महंगे ब्रांड की शराब के कार्टन छिपाकर रखे हुए थे। पुलिस ने महंगी ब्रांड के सात कार्टन शराब बरामद किए। आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत करीब 2 लाख 80 हजार रुपए बताई जा रही है।

थियारों के साथ 3 बदमाश गिरफ्तार:2 पिस्टल और 50 हजार रुपए जब्त, ऑनलाइन सट्टे का करते है काम



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़.चित्तौड़गढ़ में सदर थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान 2 अलग-अलग कार्रवाई में 2 पिस्टल के साथ 3 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपी ऑनलाइन सट्टे से जुड़े हुए है। इनमें से एक आरोपी के पास 50 हजार रुपए नकद भी मिले। पुलिस ने दोनों पिस्टल और रुपयों को जब्त कर लिया। अनुमान लगाया जा रहा है कि यह राशि भी सट्टे से कमाई हुई है।

मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई

सदर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि 2 अलग-अलग गाड़ियों में कुछ लोग पिस्टल लेकर जा रहे है। इस पर थानाधिकारी गजेंद्र सिंह के निर्देशन पर 2 टीमें बनाई गई। एक टीम ने सेंती चौकी के बाहर नाकाबंदी की। चित्तौड़ शहर से एक काले रंग की गाड़ी आई हुई दिखाई थी। गाड़ी को रोकने का इशारा किया तो ड्राइवर ने साइड में कार रोक दी। नाम पूछने पर ड्राइवर ने अपना सावा, शंभूपुरा निवासी प्रकाश (30) पुत्र रमेश चौधरी बताया। मुखबिर की पुख्ता जानकारी होने के कारण पुलिस ने आरोपी और गाड़ी की तलाशी ली। तलाशी में कार के डैशबोर्ड से एक देसी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और 50 हजार रुपए नकद मिले। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही, पिस्टल, कारतूस और रुपयों को जब्त कर मामला दर्ज कर लिया।

कार की तलाशी में मिला पिस्टल

इसके कुछ देर बाद ही सूचना पर सेंती चौकी के बाहर दूसरी टीम ने नाकाबंदी की। शहर क्षेत्र की ओर से ही एक और काले रंग की गाड़ी आई हुई दिखाई दी। रोक कर जब ड्राइवर से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम पांडोली, चंदेरिया निवासी रमेश चंद्र (24) पुत्र भगवान लाल होना बताया। उसके पास की सीट में ही बराड़ा निवासी कालू सिंह (28) पुत्र पृथ्वीसिंह रावत नाम का युवक बैठा था। कार की तलाशी में डैशबोर्ड के दिग्गी में एक पिस्टल मय एक राउंड मैगजीन लोड किया हुआ मिला। पुलिस ने उसे जब्त करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। हथियार कहां से लाए इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। वैसे, इनमें से एक आरोपी राजस्थान जाट महासभा का जिलाध्यक्ष है।

ऑनलाइन सट्टे से जुड़ा है आरोपियों का कारोबार

पूछताछ के दौरान आरोपी प्रकाश ने बताया कि वह ऑनलाइन सट्टा खेलने का काम करता है और साथ ही अन्य ग्राहकों को को सट्टा आईडी भी उपलब्ध करवाता है। वहीं, रमेशचंद्र ने पूछताछ के दौरान बताया कि वो और उसका साथी जोगणियां बुक से ऑनलाइन सट्टे आईडी बनाते है और ऑनलाइन सट्टा भी खेलते है। ये दोनों आरोपियों भी अन्य लोगों को ग्राहक बनाकर सट्टे की आईडी उपलब्ध करवाते है। इस दोनों कार्रवाई में ASI शंकरलाल, ददू सिंह, कांस्टेबल भगवत सिंह, भजनलाल शामिल थे।

बाइक की टक्कर से 1 छात्रा की मौत, 3 घायलः कॉलेज जाने के लिए सड़क पार करते समय हुआ हादसा, बाइक छोड़कर आरोपी फरार



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर.सड़क पार कर रहीं 4 कॉलेज छात्राओं को एक तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे एक छात्रा की मौत हो गई, 3 छात्राएं घायल हो गईं। हादसे के बाद आरोपी बाइक छोड़कर फरार हो गया। घायल छात्राओं को सीमलवाड़ा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं, शव को मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। हादसा गुरुवार सुबह डूंगरपुर के धम्बोला थाना क्षेत्र के धम्बोला गांव के पास हुआ। धंबोला थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान ने बताया कि भीलवा पंचेला निवासी हेमलता पुत्री धनपाल कटारा, बांसिया निवासी भावना पुत्री शिवलाल कोटेड, छाया पुत्री किशन अहारी और मेवडा गांव निवासी अनीता पुत्री कालूराम ननोमा धम्बोला स्थित एक निजी कॉलेज की छात्रा है। गुरुवार सुबह चारों बस में बैठकर कॉलेज आ रही थी। छात्राएं बस से नीचे उतरकर कॉलेज जाने के लिए सड़क पार कर रही थी। इस दौरान एक तेज रफ़्तार बाइक ने चारों छात्राओं को टक्कर मार दी। हादसे में हेमलता कटारा की मौत हो गई। जबकि भावना, अनीता और छाया घायल हो गई।

उन्होंने बताया कि हादसे के बाद आरोप बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस भी मौके पर पहुंची। घायलों को सीमलवाडा अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं, शव को मॉर्च्युरी में रखवाया। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

टीआरआई में हुआ बनफूल डिजाइन स्टूडियो का लोकार्पण



24 न्यूज अपडेट

कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने आज उदयपुर में अशोक नगर स्थित टीआरआई में 'बनफूल' डिज़ाइन स्टूडियो का लोकार्पण किया। जनजाति कला-संस्कृति को संरक्षण एवं संवर्धन किए जाने की दृष्टि से इस स्टूडियो की स्थापना की गई है। यहां जनजाति कलाकारों को सूचीबद्ध करते हुए उनके डिजाइन एवं कलाकृतियों को तैयार कर बाजार में उपलब्ध करवाया जाएगा। आमजन के लिए प्रातः 11 से सांय 5 बजे स्टूडियो खुला रहेगा। यहां पर आमजन जनजाति कलाकारों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों एवं डिज़ाइन को देख एवं निर्धारित मूल्य पर क्रय कर सकेंगे। लोकार्पण के दौरान संभागीय आयुक्त एवं जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, अतिरिक्त आयुक्त टीएडी ओपी जैन आदि मौजूद रहे।

सागवाड़ा पुलिस को 10 गधों की तलाश



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर। सागवाडा के जोधपुरा गांव में एक डेरे से चरने गए 10 गधे चोरी हो गए हैं व तीन दिन से पुलिस उनकी तलाश कर रही है। जोधपुरा गांव के डेरे में कई पशु थे जिसमें से बदमाश 10 गधे गाड़ी में डालकर ले गए। मालाराम (45) पुत्र केवजी रेबारी निवासी अरजी आहोर जिला जालोर ने मामला दर्ज करवाया कि वह और उसका भाई सेवाराम रेबारी दोनों 8 महीने से भेड़ चराते हैं। सामान उठाने के लिए गधे भी साथ रहते हैं। गोवाड़ी गांव में जोधपुरा के पास डेरा डालकर भेड़े चराते हैं। 17 नवंबर को भेड़ों के साथ ही गधे भी चरने के लिए गए थे, लेकिन गधे दूर निकल गए। शाम तक गढ़े नहीं मिले। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने बताया कि भीमदडी गांव के पास कुछ लोग पिकअप में गधे भरकर ले जा रहे थे जिसको उन्होंने देखा था। उन्होंने थाने जाकरगधे चोरी होने का केस दर्ज करवाया है। अब पुलिस गधों के चोरों की खोजबीन में जुटी है।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।